## एक नजर में

### जूनियर रेडक्रॉस मंदसौर की टीम ने एडवेंचर कैंप में पचमढ़ी में दर्ज करवाई अपनी आमद

**मंदसौर।** जूनियर रेडक्रास सोसायटी के अंतर्गत राष्ट्रीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण संस्थान पचमढ़ी में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस एडवेंचर कैंप में मन्दसौर ने अपनी आमद दे दी है। इस शिविर में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए छात्र छात्र एवं स्काउट प्रशिक्षक भाग ले रहे हैं मंदसौर जिले से 10 सदस्य का दल इस शिविर में भाग ले रहा है। जिला ऑर्गेनाइजर राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त एनडी वैष्णव के नेतृत्व में मंदसौर जिले का यह दल भाग ले रहा है। प्रशिक्षक सचिव जूनियर रेडक्रॉस सलमा शाह वरिष्ठ प्रशिक्षक काउंसलर राजेश पांडे भी इस टीम शामिल है। इस प्रदेश स्तरीय शिविर एडवेंचर कैंप के संयोजक प्रताप नारायण मिश्र गुना में बताया कि एडवेंचर के प्रमुख आकर्षण टायर क्लाइंबिंग, बॉल ब्रीज, मंकी ब्रिज, पेट्रोलिंग अभियान, वाटर एक्टिविटी, ट्री क्लाइंबिंग, शूटिंग, नेचर नियर, नाइट कैंपिंग, रेसलिंग, साइकिलिंग, आर्चरी, राइफल शूटिंग, माउंटेन कैंपिंग ट्रैकिंग ऑब्सटेकल रेस गेम क्राफ्ट फर्स्ट एड सर्वाइवल स्किल्स आदि। एडवेंचर खिला?ी के रूप में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नन्दावता से कु. वर्षा रतनलाल गेहलोत, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कयामपुर से कुलदीप प्रजापत, युवराज श्यामलाल धनगर, भावेश सुरेश राठौ?, सक्सेस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामग? से शिवम् महेश कुमार पाण्डे, निखिल गोपाल रोंदवाल, शासकीय प्राथमिक विद्यालय से जिला रेडक्रास काउंसलर राजेश कुमार पण्डया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नन्दावता, जिला रेडक्रास सचिव सलमा शाह शामिल रहे।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश का भाग्य बदलने वाला कानून : बबीता परमार

**मंदसौर।** भाजपा जिला कार्यालय मेंनन आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा प्रदेश मंत्री श्रीमती बबीता परमार ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश का भाग्य बदलने वाला कानून साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृ त्व में यह अधिनियम महिला सशक्तिकरण का स्वर्णिम अध्याय लिखेगा और महिलाओं को राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस ने वर्षों तक केवल राजनीति की, जबकि भाजपा ने इसे धरातल पर लागू किया। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के समय किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय विपक्ष के विरोध के कारण बिल पारित नहीं हो सका। परमार ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को 'याचक' से 'नायक' की भूमिका में स्थापित करेगा और देश के लोकतंत्र को और मजबूत बनाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार 2029 तक संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य कर रही है। प्रेसवार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित, संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा, महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, नगरपालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पीएम स्वनिधी योजना का लाभ प्राप्त करें : गुर्जर

**मंदसौर।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वरनिधि योजना अंतर्गत 15000 रूपये का आसान ऋण दिया जा रहा है नगर पालिका की एनयुएलएम शाखा में संपर्क कर कोई भी पात्र हितग्राही एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर पर पहुंचकर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। मंदसौर नगर में जो सड़क किनारे बैठकर यां हाथ ठेला पर व्यवसाय करते हैं उनके लिए यह योजना केंद्र की नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने प्रारंभ की है पथ विक्रेता (स्ट्रीट वेंडर) को इस योजना में ऋण लेने पर शासन के नियमों के अनुसार ब्याज पर सब्सिडी भी दी जा रही है जो भी पात्र हितग्राही पहले चरण में ऋण प्राप्त कर उनका समय सीमा में जमा करेंगे उन्हें द्वितीय व तृतीय चरण में क्रमशः 25000 व 50000 का आसान ऋण भी मिलेगा। मंदसौर नगर के पात्र हितग्राहियों से नगर पालिका परिषद् आग्रह करती है कि वह इस योजना में लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन करें।

## सिंधी भाषा दिवस कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध



**मन्दसौर।** स्थानीय संत कवरराम धर्मशाला में भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा द्वारा एक भव्य एवं गरिमामय आयोजन कर हिंदी भाषा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में गणमान्य मंचासीन अतिथियों द्वारा आराध्य देव भगवान श्री झूलेलाल की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया, उसके बाद संस्था के सदस्य के द्वारा अतिथियों एवं निर्णायक मंडल का स्वागत पुष्पमाला पहनाकर किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष वासुदेव सेवानी, भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा के अध्यक्ष कांता चतवानी, पमनानी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. सुरेश पमनानी, जय रामजी के प्रयास सेवा समिति के संयोजक मंजू कोठारी, सहसंयोजक लता लालवानी, सिंधु महल के कोषाध्यक्ष गिरीश भगतानी, सांस्कृतिक एवं उत्सव समिति की अध्यक्ष ज्योति ककनानी, संत कंवरराम गृह निर्माण समिति के अध्यक्ष मुकेश होतवानी, भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कोठारी मंचासीन रहे। उसके बाद युवा शाखा के अध्यक्ष दिनेश चंदवानी ने उपस्थित सभी समाज जनों एवं बाल कलाकारों एवं अतिथियों के लिए स्वागत उद्बोधन दिया जिसमें उन्होंने संस्था के द्वारा साल भर धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधि निरंतर किए जाने की जानकारी दी, उसके पश्चात सभी अतिथियों ने वहां उपस्थित सभी समाज जनों को सिंधी भाषा दिवस की बधाई दी एवं बच्चों के लिए रखी गई सिंधी भाषा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को शुभकामनाएं दी, उसके पश्चात बच्चों की प्रतियोगिता प्रारंभ हुई जिसमें सभी बच्चों ने काफी उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

कार्यक्रम के दौरान संस्था के सदस्यों वर्षा कोठारी, घनश्याम कोठारी, मनस्वी कोठारी, लवीना शर्मा, भावना चंदवानी एवं रितु कोठारी द्वारा सामाजिक विषयों पर आधारित दो नाटकों का मंचन किया, जिससे कि सभी समाजजन अत्यंत प्रसन्न हुए और सभी ने उन नाटकों से सीख लेते हुए मोबाइल छो?कर अपने बच्चों पर ध्यान देने एवं घर पर अपनी मातृभाषा सिंधी में बच्चों से बातचीत करने एवं अपनी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया, उसके पश्चात प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर लक्षद्वीप लालवानी एवं सहज आडवाणी, द्वितीय स्थान पर वंशी हरवानी, तृतीय स्थान पर रणवीर चंदवानी रहे। इन तीनों को अतिथियों द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के रूप में शील्ड प्रदान की गई, उसके बाद संस्था के सदस्य के द्वारा प्रतियोगिता के चारों जजों प्रोफेसर रोशन गीलानी, समाजसेवी त्रिलोक रूपलानी, समाजसेवी मालती कोठारी, एवं अध्यापिका दिव्या तेजवानी को स्मृति चिन्ह के रूप में भगवान झूलेलाल की प्रतिमा भेंट की गई, कार्यक्रम के अंत में सभी समाज जनों के लिए स्वल्पाहार का आयोजन भी किया गया

## श्री वैष्णव बैरागी छात्रावास ट्रस्ट में नहीं किसी का कब्जा...

**मंदसौर। स्थानीय वैष्णव बैरागी समाज छात्रावास भवन में ट्रस्ट की बैठक गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित की गई। इस बैठक में समाज के छात्रावास की व्यवस्थाओं को सुदृ? करने और भविष्य की योजनाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए।**

बैठक के दौरान ट्रस्टियों ने स्पष्ट किया कि छात्रावास भवन समाज की संपत्ति है और इसके उपयोग के लिए एक पारदर्शी प्रक्रिया निर्धारित की गई है। यदि समाज का कोई भी व्यक्ति निजी या सामाजिक कार्य हेतु छात्रावास का उपयोग करना चाहता है, तो उसे अध्यक्ष या सचिव को विधिवत आवेदन देना होगा। आवेदन प्राप्त होने पर प्राथमिकता के आधार पर और निर्धारित शर्तों के पालन के साथ भवन उपयोग की अनुमति प्रदान की जाएगी।

ट्रस्टियों ने उन भ्रामक खबरों का भी कड़ा खंडन किया जिनमें संपत्ति पर कब्जे की बात कही जा रही थी। बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि वर्तमान में ट्रस्ट पर किसी का भी अवैध कब्जा नहीं है और न ही भविष्य में ऐसी कोई स्थिति उत्पन्न होने दी जाएगी। इसके साथ ही यह चेतावनी भी दी गई कि जो भी व्यक्ति या समूह छात्रावास की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से किसी भी प्रकार का दुष्प्रचार करेगा, उसके विरुद्ध ट्रस्ट द्वारा कठोर कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

छात्रावास के आधुनिकीकरण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए ट्रस्ट ने परिसर में शौचालय, स्नानगृह और पानी के टैंक के निर्माण का प्रस्ताव भी पारित किया है। इन विकास कार्यों का पूर्ण उत्तरदायित्व मंदसौर छात्रावास ट्रस्ट का ही रहेगा और वही इसका निर्माण करवाएगा। समाज जनों को सचेत करते हुए पदाधिकारियों ने अपील की है कि यदि ट्रस्ट के अलावा अन्य कोई भी व्यक्ति या बाहरी संस्था छात्रावास के नाम पर चंदा वसूली करती है, तो उन्हें किसी भी प्रकार का सहयोग या दान न दें।

## सेन जयंती महोत्सव का आयोजन आज

**मन्दसौर।** मेवाड़ा सेन समाज पंचायत श्री सत्यनारायण श्री बालाजी मंदिर खानपुरा परिवार द्वारा समाज के आराध्य देव, संत शिरोमणि श्री सेनजी महाराज का 726वां पावन जयंती महोत्सव 14 अप्रैल को हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाने के लिये सेन समाजजन तैयारियां में जूट गये है। आवश्यक व्यवस्थाएं करने हेतु समाज अध्यक्ष ब्रजेशसेन मारोठिया के मार्गदर्शन में समाजजनों ने कार्यक्रम स्थल खानपुरा स्थित श्री सत्यनारायण की बगीची का निरीक्षण किया जिससे समारोह में आने वाले समाजजनों को कोई असुविधा न हो।

समाज अध्यक्ष ब्रजेश सेन मारोठिया ने बताया कि मेवा?ा सेन समाज की यह गौरवशाली परंपरा रही है कि हम अपने आराध्य का जन्मोत्सव एक उत्सव की तरह मनाते हैं। इस वर्ष भी आयोजन की भव्यता में कोई कमी न रहे, इसके लिए समाजजनों ने कार्यक्रम स्थल का अवलोकन किया तथा वहां की साफ–सफाई, विद्युत व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, भोजन व्यवस्था संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं जुटाते हुए समाजजनों के बीच कार्य का विभाजन किया गया है। तथा मंदिर सहित पुरे परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया जा रहा है।

श्री मारोठिया ने बताया कि गैस की टंकी की व्यवस्था में समस्या आने पर इस वर्ष समाजजनों ने निर्णय लिया कि हमारे पुराने व्यवस्था चूल्हे पर इस समाज की भोजन प्रसादी निर्मित होगी। जिसका सभी समाजजनों ने स्वागत भी किया है। समाज के वरिष्ठ कमल बी मारोठिया ने सभी समाजजनों से आव्हान किया कि 14 अप्रैल को दोप. 2 बजे संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ, सायं 5.30 बजे ध्वजा, तत्पश्चात् समाज हेतु कवि, गीतकार एवं शिक्षाविद् श्री नंदकिशोर राठौर की व्याख्यानमाला, सायं 6 बजे सेनजी महाराज की महाआरती एवं उसके पश्चात् भोजन प्रसादी में सभी समाजजनों से सपरिवार उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## एक नजर

### दशपुर रंगमंच ने सदाबहार गीतों के साथ आशा भोंसले को दी स्वरांजलि

## अभी न जाओ छोड़ कर कि दिल अभी भरा नहीं...



**मन्दसौर।** कला और संगीत को समर्पित संस्था दशपुर रंगमंच द्वारा सुरों की मलिका और सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोंसले के योगदान को याद करते हुए एक गरिमामय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष संध्या में स्थानीय कलाकारों ने आशा जी के सदाबहार गीतों की प्रस्तुति देकर उन्हें स्वरांजलि अर्पित की और उपस्थित श्रोताओं को संगीत के सुनहरे सफर पर ले गए।

कार्यक्रम का अत्यंत भावपूर्ण शुभारंभ ललिता मेहता ने किया, जिन्होंने 'ओ साथी रे तेरे बिना भी क्या जीना' गीत गाकर माहौल में संजीदगी भर दी। इसके पश्चात आबिद शाह ने अपनी मखमली आवाज में 'कभी किसी को मुकम्मल जहाँ नहीं मिलता' प्रस्तुत कर जीवन के फलसफे को सुरों में पिरोया। संगीत का यह क्रम आगे ब?ते हुए सतीश सोनी के पास पहुँचा, जिन्होंने 'ये है रेशमी जुल्फों का अंधेरा' गाकर पुराने दौर की यादें ताजा कर दीं। इसी श्रृंखला में श्याम गुप्ता ने 'चुरा लिया है तुमने जो दिल को' और सिमरन ने 'दो ल?ों की है दिल की कहानी' जैसे रूमानी गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मंच पर स्वर लहरियां बिखेरते हुए अनुराधा त्यागी ने 'हम जब सिमट के आपकी बाहों में आ गए' की मधुर प्रस्तुति दी, वहीं राजा भैया सोनी ने 'एक परदेशी मेरा दिल ले गया' गाकर कार्यक्रम में नया उत्साह भर दिया। युवा कलाकार रौनक मिंडा ने 'कभी तो नजर मिलाओ' के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, तो अभय मेहता ने 'आओ हुजूर तुमको सितारों में ले चलूँ' गाकर जादुई समां बांधा। युगल गीतों के दौर में काजल और हिमांशु वर्मा ने 'प्यार कभी कम नहीं करना' की प्रस्तुति से खूब वाहवाही लूटी। आशा तरवेचा ने 'अभी न जाओ छो? कर कि दिल अभी भरा नहीं' के माध्यम से भावनाओं को स्वर दिए और लोकेंद्र पाण्डेय ने 'रोज–रोज आँखों तले' गीत के साथ इस संगीतमय शाम को पूर्णता प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन आबिद शाह द्वारा अपनी चिर–परिचित शैली में किया गया। गायगों ने गीतों के बीच आशा जी के जीवन से जु? संस्मरणों को भी साझा किया। अंत में सतीश सोनी ने उपस्थित सभी कलाकारों और संगीत प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

# नीमच


## एक नजर में

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पालिका ने निकाली स्वच्छता जागरूकता वाहन रैली



**नीमच।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका नीमच द्वारा एक प्रभावशाली स्वच्छता जागरूकता वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ बंगला नंबर 60 स्थित पुरानी नगर पालिका कार्यालय से हुआ। यह रैली टैगोर मार्ग, फव्वारा चौक, शोरूम चौराहा, अंबेडकर मार्ग, एलआईसी चौराहा एवं समता मार्ग से होते हुए पुनः प्रारंभ स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। करीब 25 डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण वाहनों से सजी इस रैली के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। रैली के दौरान गीले एवं सूखे कचरे को अलग–अलग रखने, कचरा सड़कों पर न फेंकने तथा निर्धारित वाहनों में ही डालने की अपील की गई। नगर पालिका अधिकारी अर्पण गिरी ने बताया कि यह आयोजन स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। रैली के माध्यम से नागरिकों से अपील की गई कि वे नीमच को स्वच्छता के क्षेत्र में आदर्श शहर बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### रामपुरा महाविद्यालय में अनुशासनहीनता का मामला, कार्रवाई की मांग एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन, बाहरी व्यक्तियों पर परिसर में प्रवेश का आरोप



**रामपुरा।** विगत दिनों रामपुरा महाविद्यालय में हुई एक अनुशासनहीनता की घटना को लेकर एनएसयूआई ने कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार कुछ बाहरी व्यक्तियों एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़े लोगों द्वारा बिना अनुमति महाविद्यालय परिसर में प्रवेश कर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जाकिर हुसैन बोहरा के साथ अभद्र व्यवहार एवं कथित धमकी देने का आरोप लगाया गया है। इस घटना को गुरु–शिष्य परंपरा और शैक्षणिक वातावरण के लिए अनुचित बताया गया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. बोहरा द्वारा विद्यार्थियों के अनुरोध पर अवकाश के दिनों में भी कक्षाएं आयोजित की गई थीं, ताकि छात्रों को परीक्षा की तैयारी में सहायता मिल सके। इसे छात्रहित में एक सराहनीय पहल बताया गया है। इस घटना के बाद महाविद्यालय का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित होने तथा संबंधित प्राध्यापक के मानसिक तनाव में होने की बात भी सामने आई है। एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष रामपुरा सोमिल सोनी द्वारा इस संबंध में ज्ञापन सौंपकर मांग की गई है कि मामले में शामिल बाहरी तत्वों एवं संबंधित व्यक्तियों की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## टीईटी के विरोध में हजारों शिक्षक 18 अप्रैल को भरेंगे हुंकार, भोपाल कूच की बड़ी तैयारी



**नीमच। अध्यापक संयुक्त मोर्चे के आह्वान पर 12 अप्रैल 2026 को गांधी वाटिका में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें 18 अप्रैल को भोपाल में प्रस्तावित प्रदेश स्तरीय धरने को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। बैठक में जिलेभर से आए शिक्षक प्रतिनिधियों ने भाग लेकर आंदोलन को व्यापक और प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की।**

बैठक में निर्णय लिया गया कि पूरे जिले में एकरूपता बनाए रखने के लिए सभी 35 जन शिक्षा केंद्रों से न्यूनतम 30–30 शिक्षकों की भागीदारी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएगी। इस योजना के तहत बड़ी संख्या में शिक्षक भोपाल पहुंचकर जिले का मजबूत प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र में कार्यरत जन शिक्षक साथियों को इस अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक के दौरान ही उन्हें दूरभाष के माध्यम से निर्देशित किया गया कि वे अपने–अपने केंद्रों पर बैठक आयोजित कर स्थानीय स्तर पर रणनीति बनाएं और अधिक से अधिक शिक्षकों को आंदोलन से जोड़ें।

जिला संयोजक मनीष पुरोहित ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले से भोपाल के लिए 100 से अधिक वाहनों के जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र की हर शाला से शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि आंदोलन के पीछे शिक्षकों की कई महत्वपूर्ण मांगें हैं, जिनमें टीईटी से मुक्ति, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ एवं पुरानी पेंशन योजना की बहाली प्रमुख हैं। इन मांगों को लेकर लंबे समय से शिक्षक वर्ग संघर्ष कर रहा है और अब प्रदेश स्तर पर एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करने की तैयारी कर रहा है। बैठक में उपस्थित सभी शिक्षकों ने 18 अप्रैल के धरने को सफल बनाने का संकल्प लिया और एकजुटता के साथ अपनी मांगों को शासन तक पहुंचाने का भरोसा जताया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रमुख जन और युवाजन संगोष्ठी



**जावद। संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर जावद खंड की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में प्रमुख वरिष्ठजन एवं युवाजन गोष्ठी संपन्न हुई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री बलवंत सिंह जी हाडा (सीए) निवासी मेघनगर प्रांत सह व्यवस्था प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मालवा प्रांत, माननीय अनिल जी जैन जिला संघ चालक नीमच, विशेष अतिथि श्री राजेंद्र जी एरन जिला संपर्क प्रमुख नीमच सभी अतिथि गण मंचासिन थे सभी अतिथियों ने मां भारती के श्री चरणों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।**

मंचासिन सभी अतिथियों का स्वागत उनके यशस्वी ललाट पर तिलक लगाकर और श्रीफल भेटकर किया गया उसके पश्चात् कार्यक्रम में उद्बोधन श्री हाडा द्वारा दिया गया संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर 100 वर्षों की संघ की जानकारी दी जिसमें संघ ने व्यक्ति निर्माण का कार्य किया और देश विरोधी जो लोग गतिविधियां करते हैं उनका सामना करने का सामर्थ्य संघ ने सिखाया और भारत देश जब आजाद हुआ तो उसके बीच ऐसे महापुरुष का जन्म हुआ जिन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना करी जिनका नाम केशवराव बलिराम हेडगेवार था जिन्होंने भारत देश के समस्त हिंदुओं को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया संघ ने कोई नया काम नहीं किया संघ ने वही काम किया जो हमारे पूर्वज कर करते थे जिसमें सबसे महत्वपूर्ण चार पुरुषार्थ हैं धर्म अर्थ काम और मोक्ष इन चारों बिंदुओं को लेकर विस्तृत जानकारी युवा जनों को दी गई पहले भारत देश विश्व गुरु कहलाता था भारत में 18 कलाओं का अध्ययन करवाने वाला एकमात्र देश था संघ ने व्यक्ति निर्माण का कार्य शुरू किया और उन्हें बताया की हमें सबसे पहले अपने धर्म और अपनी संस्कृति के आधार पर अपना जीवन जीना चाहिए जिसके अंतर्गत अपने रीति–रिवाज और अपनी संस्कृति और परंपराओं का समावेश हो इन सब विषयों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया और आज भारत पुनः विश्व गुरु बनेगा और पूरे विश्व का नेतृत्व करेगा इसकी और भारत धीरे–धीरे अग्रसर होता जा रहा है कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, समापन के अंत में सभी पधारे हुए अतिथि गण वरिष्ठ जन एवं युवाओं का आभार वीरेंद्र चौधरी द्वारा किया गया और उसके पश्चात सभी ने सामूहिक रूप से चाय अल्पाहार ग्रहण किया जिसमें यह संदेश मिलता है कि समस्त हिंदू समाज एक है किसी भी प्रकार की जाती का भेदभाव नहीं है।

## एक नजर

### जीरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली हुई उजागर, पार्षद ने की आला अधिकारियों को शिकायत

## आपात स्थिति में उपचार के लिए पहुंचे पार्षद पति, डॉक्टर बिना सूचना के गायब



**जीरन।** नगर परिषद जीरन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की पोल उस समय खुल गई जब एक आपातकालीन स्थिति में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर केंद्र से गायब मिले। मामला शनिवार शाम करीब 7 बजे का है, जब नगर परिषद पार्षद प्रभा लक्षकार के पति राजेश लक्षकार को अचानक घबराहट और सीने में दर्द की शिकायत हुई।

परिजनों द्वारा तुरंत राजेश लक्षकार को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जीरन लाया गया। वहां पहुँचने पर पता चला कि ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक बिना किसी पूर्व सूचना या अवकाश के अस्पताल छोड़कर अपने घर चले गए थे। चिकित्सक की अनुपस्थिति के कारण मरीज को समय पर प्राथमिक उपचार मिलने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा। मामले की जानकारी मिलते ही भाजपा दक्षिण मंडल के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह भाटी और हरिओम माली अस्पताल पहुंचे। भाटी ने तत्काल मेडिकल ऑफिसर डॉ. कमलेश माली से फोन पर संपर्क किया। जब उन्हें मरीज की गंभीर स्थिति के बारे में बताया गया, तो डॉक्टर का जवाब अत्यंत गैर–जिम्मेदाराना रहा। उन्होंने कथित तौर पर कहा कि मुझे भी छुट्टी की जरूरत रहती है, मैं स्टाफ नर्स को बोल देता हूं, वो इलाज कर देंगी। डॉक्टर के इस व्यवहार और अस्पताल में अव्यवस्था को लेकर भाजपा नेता लक्ष्मणसिंह भाटी ने तत्काल बीएमओ डॉ. विजय भारती, सीएमएचओ डॉ. प्रसाद और तहसीलदार शत्रुघ्न चतुर्वेदी को अवगत कराया। और सख्त लहजे में कहा कि तत्काल लापरवाह डॉक्टर को बदले या व्यवस्था को सुधारे। मामले की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सा अधिकारियों ने व्यवस्था में सुधार करने और संबंधित डॉक्टर के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

घटनाक्रम के बाद पार्षद प्रभा राजेश लक्षकार ने बीएमओ के नाम एक औपचारिक शिकायत पत्र सौंपा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने मांग की है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जीरन में तत्काल 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सक की नियुक्ति की जाए। मेडिकल ऑफिसर डॉ. कमलेश माली द्वारा बरती गई लापरवाही की जांच कर सख्त कदम उठाए जाएं। अस्पताल की व्यवस्था में सुधार हो ताकि भविष्य में किसी अन्य को ऐसी स्थिति का सामना न करना पड़े।

### डॉक्टर बढ़ाने की मांग

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को मेडिकल ऑफिसर की गैर मौजूदगी की जानकारी मिली है। इस संबंध में विभागीय कार्यवाही कर निर्देशित किया जाएगा कि भविष्य में इस तरह समस्या की पुनरावृत्ति न हो। स्वास्थ्य केंद्र पर महज एक ही चिकित्सक है, शासन स्तर पर चिकित्सकों की मांग की गई है।